### एक नज़र में



### कृषि रथ को दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव पहुंचेंगे विशेषज्ञ

**बुधनी.** शाहगंज में जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में खरीफ कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डीके मेहरा, कृषि विस्तार अधिकारी हरिचरण जोनपुरे आदि उपस्थित थे. खरीफ कृषि रथ विकासखंड की सभी पंचायतों में भ्रमण करेगा. इस दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर खेती से जुड़ी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा. कृषि रथ 31 मई तक विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं पंचायतों में पहुंचकर किसानों को जागरुक करेगा.



### पार्वती नदी के उद्गम स्थल पर ली नदियों के संरक्षण की शपथ

**आष्टा.** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा विश्व जैव विविधता दिवस पर गोविंदपुरा स्थित पार्वती नदी के उद्गम स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने पार्वती नदी के ऐतिहासिक, पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य, जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय, सोनू गुणवान, महेंद्र ठाकुर, विकासखंड समन्वयक भगवत शरण लोधी सहित अन्य सदस्य, विद्यार्थी, सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित थे.



### वार्ड क्रमांक 16 में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**सीहोर.** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 16 में 7 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. नाली निर्माण से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी तथा बरसात के दौरान होने वाली समस्याओं से नागरिकों को राहत मिल सकेगी. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं विकास के लिए परिषद कार्य कर रही है. नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है. इस अवसर पर पार्षद कमलेश राठौर, राजेश माझी, नरेंद्र राजपूत आदि मौजूद थे.



### आर्यवीर दल शिविर में डॉ. नामदेव ने दिया प्रेरणादायी उद्बोधन

**सीहोर.** नगर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉ. गगन नामदेव भारत विकास परिषद एवं आर्यवीर दल के चरित्र निर्माण एवं व्यायाम प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित हुए. डॉ. नामदेव ने वीरता, साहस एवं राष्ट्रभक्ति से जुड़े अनेक प्रेरणादायी प्रसंग सुनाए. उन्होंने कहा कि युवाओं में शारीरिक सुदृढ़ता के साथउच्च चरित्र एवं अनुशासन का होना भी अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने आर्यवीरों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में संयम, सेवा और साहस के आदर्शों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान में योगदान दें. आज एक शिविरार्थी रत्नेश नारोलिया का जन्मदिन भी था तो उनके जन्मदिन को पूर्ण हवन करके मनाया गया. कार्यक्रम में नरेश चंद्र आर्य, नवीन सोनी, अंकुश जैन, रवि ठकराल ,महेंद्र कौशल, अरविंद गुप्ता, दिनेश वर्मा, सुधीर कौशल, अंजू अग्रवाल ,ज्योति अग्रवाल, सुनीता सोनी, नेहा ठकराल, श्वेता राठौड़, शोभा चांडक, सुरेश नेमा, सूर्यकांत आर्य, नितिन नारोलिया, संदीप आर्य,रामदीन आर्य, माखन परमार, राजेंद्र राठौर उपस्थित रहे.



### संस्कारहीन संतान कुल को डुबा देती है : पं. मोहितराम

**दोराहा.** संस्कार से विमुख संतान अपने कुल को स्वर्ग से नरक में भेज देते हैं. संस्कार के बिना मानव जीवन व्यर्थ आप आपकी संतान को संस्कार ज्ञान जरूर देना चाहे एक बार उसे बाइक, कार नहीं दोगे तो वह एक दिन रोएगा और संस्कार नहीं दोगे तो वह जीवन भर रोएगा. उक्त उद्गार रामनगर कॉलोनी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक ने व्यक्त किए. आज कथा के दौरान भगवान गणेश के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए सनातन धर्म में 16 संस्कारों का महत्व बताया. उन्होंने कहा हमारे घर में ही भगवान गणेश की तरह विवेकशील बुद्धिमान संतान तभी होगी जब हम उसे संस्कार देंगे, आयोजन कर्ता अग्रवाल परिवार एवं ग्रामीणों ने संपूर्ण ग्रामवासियों से कथा में पधार कर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है.

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से उबल रहे गांव

## दोराहा में अधिकारियों से बिजली संकट पर चर्चा, बरखेड़ी सब स्टेशन का ग्रामीणों ने किया घेराव

- दिन- रात अघोषित कटौती के सिलसिले से बढ़ा जनाक्रोश
- भीषण गर्मी में बिजली न मिलने से परेशान कई गांवों के ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मई. जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच गहराए बिजली संकट ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है. 44 डिग्री से अधिक तापमान और उमस भरी रातों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है. दिन हो या रात, बार-बार बिजली की आवाजाही और घंटों तक सप्लाई बंद रहने से लोग परेशान हैं. कहीं जनप्रतिनिधियों को विद्युत अधिकारियों के साथ बैठक करनी पड़ी तो कहीं ग्रामीणों ने सब स्टेशन का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया.**



**सीहोर.** बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को बरखेड़ी स्थित विद्युत सब स्टेशन का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की.

श्यामपुर क्षेत्र के दोराहा में मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों ने विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती और विद्युत व्यवस्थाओं को लेकर आठ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई. अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि दोराहा तहसील क्षेत्र में लोड शेडिंग बंद करने का प्रयास किया जाएगा तथा अन्य क्षेत्रों में कटौती वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद ही की जाएगी.

बैठक में यह भी तय हुआ कि मेंटेनेंस कार्य में तेजी लाने के लिए वर्तमान से चार गुना अधिक लेबर लगाई जाएगी, ताकि समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके. किसानों की समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें कहा गया कि जिन किसानों के मशीनी उपकरण साल में केवल एक बार उपयोग में आते हैं, उन्हें ओवरलोड की श्रेणी में न रखा जाए. वहीं ऐसे मामलों को निरस्त करने पर भी सहमति बनी जहां डीपी, खंभे, तार या पंप-कुएं मौजूद ही नहीं हैं. विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी कर्मचारी को बिना रसीद राशि न दें. यदि कोई कर्मचारी पैसा लेकर रसीद नहीं देता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएग. स्मार्ट मीटरों से अधिक बिल आने की शिकायतों पर भी जांच कर मीटर बदलने की बात कही गई. जर्जर पोल और झूलते तारों को जल्द बदलने तथा जरूरत के अनुसार कनेक्शन लोड कम करने का आश्वासन भी अधिकारियों ने दिया.

इधर बरखेड़ी विद्युत मंडल सब स्टेशन पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा. ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए सब स्टेशन का घेराव किया और विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन में चंदेरी, पिपलिया मीरा, बरखेड़ी, आलमपुरा, बिजलोन, बडनगर, हीरापुर, रामखेड़ी, टिटोड़ा और भैंसाखेड़ी सहित कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए. ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से रात में दो से तीन बार बिजली काटी जा रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का हाल बेहाल है. उमस और मच्छरों के कारण लोग रातभर जागने को मजबूर हैं. पेयजल संकट भी लगातार गहराता जा रहा है क्योंकि बिजली बंद होने से मोटर और नल-जल योजनाएं प्रभावित हो रही हैं.

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शहरों में बिजली कटौती नहीं की जा रही, जबकि गांवों को अंधेरे में रखा जा रहा है. ग्रामीणों ने मांग की कि यदि बिजली संकट है तो बड़े औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों में कटौती की जाए, लेकिन गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित न हो.

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रिकालीन बिजली आपूर्ति तत्काल सुचारु कराई जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन

### गांव ही नहीं नगरीय क्षेत्र भी कटौती से परेशान

बिजली के अभाव में भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली धूप का सामना करने वालों में केवल ग्रामीण क्षेत्र ही नहीं नगरीय क्षेत्र के रहवासी भी खासे त्रस्त हैं. शहर में मेंटेनेंस के नाम पर जहां रोजाना घोषित कटौती की जा रही है तो कई घंटों की कटौती अघोषित रूप से भी किए जाने से लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. मंडी, चाणक्यपुरी, भोपाल नाका, इंग्लिशपुरा, इंद्रानगर कालोनी सहित अधिकांश क्षेत्रों में दिन भर बिजली की आवाजाही ने लोगों को परेशान कर रखा है.

### जमीन के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष



**इछावर.** शुक्रवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प का मामला सामने आया है. विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चल गए. खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से कुल 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है. जानकारी के अनुसार पूरा विवाद एक कॉलोनी के पास स्थित 4 डिसमिल जमीन के कब्जे को लेकर है. इस जमीन को लेकर कोर्ट तहसील में मामला चल रहा था.बीते 30 अप्रैल को तहसीलदार ने रवि नामक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था. शुक्रवार को इसी जमीन पर कब्जे की बात को लेकर रवि और दूसरी पार्टी के लोग आमने-सामने आ गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ही पक्षों के लोग लाठी, डंडे और चाकुओं से लैस थे. हमले में दोनों पक्षों की तरफ से 3-3 लोग गंभीर घायल हुए हैं. घायलों को गहरे घाव होने के कारण प्राथमिक उपचार देकर रेफर कर दिया है. घटना की सूचना मिलते ही इछावर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया. पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

## सरकारी रेडियोग्राफर निकला मास्टरमाइंड

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मई.** स्वास्थ्य विभाग और शासकीय नियुक्तियों में फर्जीवाड़े को लेकर जिले से चौंकाने वाला मामला सामने आया है. बिलकिसगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ रेडियोग्राफर हीरा सिंह कौशल ही प्रदेशभर में फर्जी डिग्रियां बनाने और बेचने वाले रैकेट का मुख्य सरगना निकला है. मामला उजागर होने के बाद आरोपी रेडियोग्राफर को बर्खास्त कर दिया गया है.

दमोह पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किए गए इस मुख्य आरोपी हीरा सिंह कौशल को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है. आरोपी हीरा सिंह कौशल बिलकिसगंज में बतौर रेडियोग्राफर सेवाएं दे रहा था. नौकरी की आड़ में वह लंबे समय से प्रदेश में फर्जी मेडिकल डिग्रियों का काला कारोबार चला रहा था. जांच में सामने आया है कि उसने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संजीवनी क्लीनिक में फर्जी डिग्रियों के आधार पर कई लोगों को डॉक्टर बनवाकर नौकरी पर लगवाया. पुलिस की शुरुआती पूछताछ में अब तक 12 से ज्यादा फर्जी डॉक्टरों के नाम सामने आ चुके हैं, जिन्होंने हीरा सिंह से डिग्रियां खरीदी थीं. आरोपी के खिलाफ अब तक दो एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं. गौरतलब है कि जबलपुर के संजीवनी क्लीनिक में पदस्थ अजय मौर्य नामक व्यक्ति की फर्जी डिग्री की जांच कराई थी. जांच में मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार के पास आरोपी का कोई रिकॉर्ड या रजिस्ट्रेशन नहीं मिला. अजय मौर्य के साथ-साथ कुमार सचिन यादव और राजपाल गौर की डिग्रियां और रजिस्ट्रेशन भी पूरी तरह फर्जी पाए गए हैं. जबलपुर से गिरफ्तार अजय मौर्य की रिमांड अवधि भी 23 मई तक बढ़ा दी गई है.

# लाखों का माल चुराने वाला 24 घंटे में गिरफ्तार

- बड़ियाखेड़ी के एक सूने मकान को बनाया था निशाना
- पुलिस ने 16 लाख के जेवरात व नगदी की बरामद

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मई.** कोतवाली पुलिस ने बढ़ियाखेड़ी में सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा महज 24 घंटे के भीतर करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के कब्जे से करीब 16 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी बरामद की गई है.

जानकारी के अनुसार बढ़ियाखेड़ी निवासी कार्तिक राय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 16 मई को तेरहवीं कार्यक्रम में दमोह गए थे. 19 मई की रात घर लौटने पर मकान का ताला टूटा मिला और घर से सोने-चांदी के जेवरात सहित 50 हजार रुपए नगद चोरी पाए गए. मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.

पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया. सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी डाटा और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी तक पहुंच बनाई. पूछताछ के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद कर लिया गया. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, हार, कान के टॉप्स, टीका, अंगूठी, चैन, चार कंगन, चार चांदी की पायल तथा 9500 रुपए नगद बरामद किए हैं. बरामद सामान की कीमत 16 लाख रुपए बताई गई है. कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव, एसआई नवतेश राजपूत, आरक्षक विवेक दांगी, वीरेंद्र परमार, चेतन चौहान तथा कमलेश परोचे की भूमिका रही.



### रैकी कर दिया वारदात को अंजाम


मामले में एसपी श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी पहले सूने मकानों की रेकी करता था. मौका मिलने पर ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था. गिरफ्तार आरोपी 22 वर्षीय अंकित दीक्षित निवासी बिस्तरियापुरा जैन मंदिर रोड आष्टा हाल निवासी बढ़ियाखेड़ी बताया गया है. मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव का कहना है कि फरियादी के घर की सीढ़ियां बाहर की तरफ होने के कारण आरोपी मौका पाकर सीढ़ियों से ऊपरी तल पर पहुंचा और चोरी की वारदात को अंजाम दिया था.

# नूतन स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम

- जैव विविधता क्विज में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन
- प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से हुए सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 मई.** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर राज्य जैव विविधता बोर्ड एवं भारतीय वन प्रबंधन संस्थान द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज में नूतन स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल कर पुनः जिले का गौरव बढ़ाया.




विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों केशव, प्रिन्स एवं श्लोक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर के साथ राज्य स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को भोपाल में आयोजित इंटरनेशनल डे ऑफ बायोडायवर्सिटी विशेष समारोह में प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी एवं 30 हजार की नकद पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया.

विशेष उल्लेखनीय बात यह रही कि नूतन स्कूल ने लगातार पिछले तीन वर्षों से जिला स्तरीय जैव विविधता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट परंपरा को बनाए रखा है. विद्यार्थियों की इस निरंतर सफलता ने विद्यालय को जिले में एक अलग पहचान दिलाई है. अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को पूरे जिले एवं नूतन परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया. विद्यालय निदेशक सुरेश त्यागी एवं प्रबंधन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इस उपलब्धि को पूरे नूतन परिवार के लिए गौरवशाली क्षण बताया.

## भंडारे में भूलकर चले गए दो वर्षीय बालिका

नवभारत न्यूज

**रेहटी 22 मई.** गत दिवस रायसेन जिले के सुल्तानपुर से आए श्रद्धालुओं ने देवीधाम सलकनपुर टेकरी के नीचे भंडारे का आयोजन किया. इस दौरान उन्होंने अपने परिवार की दो वर्षीय मासूम बालिका को वहीं सुला दिया था और भंडारा समाप्त होने के बाद वहीं छोड़कर चले गए. पुलिस को सूचना मिली. तत्परता से परिजनों की तलाश की गई और कुछ ही घंटों में बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया.

जानकारी अनुसार सलकनपुर माता मंदिर के नीचे चल रहे भंडारे में एक 2 वर्षीय बालिका परिजनों से बिछड़ गई थी. सूचना मिलने पर डायल 112 के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर बालिका को संरक्षण में लिया. जवानों ने बालिका को साथ लेकर परिजनों की तलाश कर उन्हें चौकी बुलाया गया. जहां बालिका द्वारा पहचान किए जाने के उपरांत बालिका को परिजन के सुपुर्द किया गया.



**निर्देश** | कलेक्टर बालागुरू के ने किया बुधनी एवं शाहगंज तहसील कार्यालय का निरीक्षण

# आमजन के कार्य समय पर करें ताकि वह परेशान न हों : डीएम

नवभारत न्यूज

**बुधनी/ शाहगंज 22 मई.** कलेक्टर बालागुरू के. ने बुधनी एवं शाहगंज तहसील कार्यालयों का निरीक्षण कर प्रशासनिक एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य की प्रगति, स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली.

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्रशासन का दायित्व है. कलेक्टर ने कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, रिकॉर्ड व्यवस्थातथा कार्यालयीन कार्यप्रणाली का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा आमजन को किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े.

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका सुधार, नक्शा संशोधन, अतिक्रमण संबंधी प्रकरणों तथा अन्य लंबित मामलों की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने निर्देश दिए कि राजस्व मामलों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए और लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र समाधान किया जाए. उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें तथा प्रत्येक आवेदन का निराकरण निर्धारित समय में किया जाए.

नेशनल हाईवे एवं रेलवे परियोजनाओं के लिए चल रही भू-अर्जन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए और प्रभावित किसानों एवं हितग्राहियों से समन्वय बनाकर प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाए. उन्होंने कहा कि सड़क एवं रेलवे परियोजनाएं क्षेत्र के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं तथा इनके पूर्ण होने से नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधाएं, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे.



### यादव ने विकास समिति से दिया इस्तीफा

**बुधनी.** विधानसभा की सियासत में हलचल मचाते हुए भाजपा नेता आसाराम यादव ने जिला विकास समिति के सदस्य पद से त्यागपत्र सौंप दिया. लंबे समय से संगठन और प्रशासनिक कार्यों में सक्रिय रहे यादव के इस फैसले ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया है.पूर्व में मप्र पिछड़ा वर्ग आयोग में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त सदस्य, रेहटी कृषि उपज मंडी अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य जैसे पदों पर रह चुके यादव ने जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर की अध्यक्षता वाली समिति से इस्तीफा देकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं. यादव द्वारा त्यागपत्र कलेक्टर को सौंपा गया है.